मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
16 जून, 2024

मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गये गॉव में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

ग्रामवासियों को ऑफलाइन शपथ दिलाई गई

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के उपलक्ष्य में माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के निर्देशानुसार गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज़ कराने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी के आह्वान पर मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गये ग्राम सभा जैतवार डीह, सोराव, प्रयागराज में दिनांक 16 जून, 2024 को योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मानविकी विद्याशाखा के निदेशक, प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी के कुशल नेतृत्व में प्रोफेसर रुचि बाजपेई, श्री राजेश गौतम, डॉ. शिवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. दयानन्द उपाध्याय, संजीव भट्ट, डॉ. सतेंद्र, डॉ. मुकेश मौर्य, कुशल कर्मी रामलखन, परिचर मुन्नाराम ने सहभागिता की एवं लोगों को योग के बारे में जानकारी दिया। इसके साथ ही प्रोफेसर एस. पी. तिवारी द्वारा ग्राम प्रधान देवेंद्र गिरी की उपस्थिति में पाडिला महादेव मंदिर में ऑफलाइन शपथ दिलाई गई तथा साथ ही ऑनलाइन शपत्र पत्र भरने के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया ।

इसी क्रम में लोगों से अपील किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवारजनों, मित्रों एवं परिचितों को भी ऑनलाइन शपथ दिलाए। इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ बढ़ –चढ़ कर हिस्सा लिया।